आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–22 मई 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कल नई दिल्ली में हुई मंत्रि परिषद की बैठक के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कल की बैठक में मंत्रि परिषद ने 'जीवन में सुगमता' और 'कारोबार में सुगमता' को बढ़ावा देने से संबंधित महत्वपूर्ण दृष्टिकोणों और सर्वोत्तम कार्य–प्रणालियों पर विचार–विमर्श किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु विकसित भारत के साझा स्वप्न को साकार करने के लिए प्रभावी ढंग से सुधारों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित था।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज देवरिया में छह सौ पचपन करोड़ रूपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज' और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' आज नई यूपी की पहचान है।

कोई सोचता था पहले कि कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय बन जाएगा आज वह बन करके तैयार हो रहा है कृषि विश्वविद्यालय। ये कृषि विश्वविद्यालय केवल एक भवन नहीं है। हमारे अन्नदाता किसानों को तकनीक के साथ जोड़कर के लागत को कम करना, उत्पादन को बढ़ाना, उसकी आमदनी को बढ़ाना, प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन के अनुरूप अपने अन्नदाता किसानों के चेहरे पर खुशहाली लाने का एक अभिनव प्रयास है।

इससे पहले मुख्यमंत्री श्री योगी ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लगभग एक सौ पचास लोगों की समस्याएं सुनी।

****

रेल मंत्रालय ने रेलवे के बुनियादी ढांचे और ट्रेन संचालन को निशाना बनाकर हाल ही में हुई घटनाओं के बीच यात्रियों से यात्रा के दौरान सतर्क रहने को कहा है। साथ ही रेलवे परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना हेल्पलाइन नंबर एक सौ उनतालीस पर तुरंत देने का आग्रह किया है। एक रिपोर्ट–

नई दिल्ली के रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के बाद यह आग्रह किया गया। मंत्रालय के अनुसार आग लगने की कुछ घटनाओं सहित हाल ही में हुई कई घटनाओं की प्रारंभिक जांच में असामाजिक तत्वों की संलिप्तता की संकेत मिले हैं। कई मामलों में रेलवे अधिकारियों द्वारा समय पर और सक्रिय कार्रवाई से बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने में सहायता मिली है। बैठक में रेलवे नेटवर्क में सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने और रेलवे बोर्ड मुख्यालय तथा जोन के बीच समन्वय सुधारने पर भी विचार–विमर्श किया गया। समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार।

****

जनगणना दो हजार सत्ताइस के तहत आज से प्रदेश भर में मकानों की गणना शुरू हो गयी है। राज्य की जनगणना निदेशक और मुख्य जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने बताया कि इस चरण में जनगणना कर्मी घर–घर जाकर फॉर्म भरवाएंगे। जिन लोगों ने स्वगणना के तहत अपनी जानकारी पोर्टल में दर्ज करा दी है, उन्हें ग्यारह अंकों वाले कोड को प्रगणक के घर आने पर देना होगा। यह प्रक्रिया बाइस जून तक चलेगी।

****

सर्वोच्च न्यायालय पहली जुलाई से कक्षा नौ के छात्रों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करने वाली नई सीबीएसई नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। एक रिपोर्ट–

वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति जॉय माल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ के समक्ष यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यह जनहित याचिका छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा दायर की गई है। उन्होंने कहा कि नई सीबीएसई नीति के तहत कक्षा 9 में दो अतिरिक्त भाषाओं को अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे अव्यवस्था उत्पन्न होगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी एक हालिया परिपत्र के अनुसार, कक्षा 9 के छात्रों को इस वर्ष पहली जुलाई से तीन भाषाओं का अध्ययन करना होगा। इनमें से कम से कम दो भारतीय मूल की भाषाएँ होनी चाहिए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में चौबीस मई तक दिन के समय भीषण लू और रात में उमस भरी गर्मी पड़ने का रेड अलर्ट जारी किया है। इस बीच गोरखपुर, अयोध्या और वाराणसी सहित कई अन्य पूर्वी जिलों के साथ–साथ प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में आज भी तेज धूप, भीषण गर्मी और लू से लोग परेशान रहे।

राज्य में भीषण गर्मी का कहर जारी है, जहां पारा हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है। बुंदेलखंड सबसे ज्यादा तप रहा है, जहां अधिकांश इलाकों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। रात में भी तापमान 30 डिग्री के आस–पास पहुंचने के कारण लोगों का बुरा हाल है। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में चौबीस मई तक मौसम के शुष्क रहने और तेज धूल भरी हवा चलने की भी संभावना जतायी है।

****